ONE STATE ONE UNION
अपील

आदरणीय स्कूल संचालक,

आज विशेष परिस्थितियों में आपके सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है और उम्मीद भी हैं कि आप निराश नही करेंगे। वर्तमान समय मे स्कूलों के सामने आने वाली नित नई समस्याएं आपसे छुपी नही है।

आपका स्कूल चाहे गैर मान्यता-प्राप्त हो या मान्यताप्राप्त, समस्या हर स्तर पर है। आज एक स्कूल संचालक को सम्मान की ष्टि से नही देखा जाता। कभी समय था कि गुरु की तुलना भगवान से की जाती थी परंतु आज परिस्थिति ऐसी आ गयी है कि स्कूल चलना कठिन हो गया है एक स्कूल संचालक के मन मे हर वक्त भय रहता कि कोई नई समस्या उसके स्कूल में या उसके सामने कब आन खड़ी हो और वो उसका सामना कैसे करेगा। अपने स्तर पर हर स्कूल संचालक कोशिश करता है कि वो समस्या का समाधान निकले परंतु बहुत सी समस्याएं इतनी जटिल होती है जो स्कूल संचालक के बस से बाहर होती हैं जिसके लिए उसे किसी न किसी यूनियन से जुड़ना पड़ता है क्यो की एक अकेला, अकेला ही होता है

आज हरियाणा में बहुत सी स्कूल यूनियंस सक्रिय है परंतु वे सभी अलग अलग दिशाओ में प्रयास कर रहे है कोई भी यूनियन इस स्तर पर नही है कि हर तरह के यानी कि छोटे बड़े स्थाई अस्थाई प्ले गैरमान्यताप्राप्त व CBSE स्कूलों को एकजुट करके एकसाथ काम कर रही हो। हम प्रयास कर रहे है कि सभी यूनियंस मिलकर काम करे, उसके लिए चाहे आप किसी भी यूनियन से क्यों न जुड़े हो आप जुड़े रहे परंतु आपका यह सहयोग जरूरी है आप भी सभी यूनियंस को एकजुट करने की दिशा में प्रयास करे,क्योंकि जब तक हम सभी स्कूल संचालक ये इच्छा नही दिखाएंगे के सबको स्कूलों के सांझे हितों के लिए एकजुट होना चाहिए तब तक ये मुहीम कामयाब होना संभव नही है कि सभी यूनियंस एकजुट हो।

ONE STATE ONE UNION के गठन की रूपरेखा

- कोई एक स्टेट प्रधान न होकर, सभी 7 स्तर के स्कूलों का एक एक प्रतिनिधि स्टेट स्तर के पैनल का हिस्सा हो जो कि 7 व्यक्तियों का पैनल हो,जो अहम फैसला ले।
- 7 स्तर पर (1.प्ले-वे 2.गैर-मान्यताप्राप्त 3.2003 के बाद के अस्थाई 4.2003 से पहले के अस्थाई 5.2003 से पहले के अस्थाई जो किसी स्तर तक स्थाई भी है 6. स्थाई मान्यताप्राप्त 7. CBSE मान्यताप्राप्त) स्कूलों की कार्यकारणी टीमें चुनाव के द्वारा गठित हो।
- प्रत्येक विधानसभा स्तर पर उपरोक्त 7 स्तर की टीमो का चुनाव के द्वारा गठन हो।
- प्रत्येक जिले स्तर पर उपरोक्त 7 स्तर की टीमों का चुनाव के द्वारा गठन हो।
- राज्य स्तर पर भी उपरोक्त 7 स्तर की टीमों का चुनाव के द्वारा गठन हो
- प्रत्येक स्तर पर हर टीम में 9 कार्यकारी पद प्रधान/उपप्रधान/सचिव/सह-सचिव/कोषाध्यक्ष/कानूनविद/प्रेस-प्रवक्ता व 2 अन्य सदस्यों का चुनाव किया जाए।
- प्रत्येक चुना गया व्यक्ति अपने पदानुसार पूरी निष्ठा से काम करे, इसके लिए प्रत्येक 3 वर्ष बाद चुनाव करवाये जाएंगे।
- यूनियन को चलाने के लिए लिए जाने वाले फंड व खर्च ECS/RTGS बैंकिंग के माध्यम से लिए जाएंगे व जिसकी जानकारी प्रत्येक तिमाही में हर सदस्य को दी जाएगी।
- सभी स्तर पर कार्य व चुनाव सही चले इसके लिए प्रत्येक जिले से एक-एक व्यक्ति का चुनाव हर 5 वर्ष के लिए किया जाएगा, जो अपने स्तर पर टीम बना कर हर स्तर के चुनाव बिना किसी विवाद के संपन्न करवा सके।
- यूनियन का संविधान लिखित रूप में सभी सदस्यों के पास होगा,ताकि सभी को नियम व कानून का ज्ञान रहे।

ONE STATE ONE UNION से जुड़े स्कूलों के प्रति विचारधारा

- स्कूल चाहे किसी भी स्तर का हो, उसे बंद नही होने दिया जाएगा।
- हर समस्या में सम्पूर्ण हरियाणा एकजुट होगा चाहे समस्या किसी भी स्तर के स्कूल की हो।
- भविष्य में भी यदि कोई पढ़ा लिखा व्यक्ति नया स्कूल चलाता है तो वह भी इसका सदस्य बन सकता है।
- स्कूलों के स्तर को इस हद तक सुधारा जाएगा कि सरकार भी शिक्षा के प्रचार प्रसार में निजी स्कूलों की भागीदारी माने।
- हर स्तर पर स्कूलों की प्रत्येक समस्या का समाधान किया जाएगा।
- हर स्कूल संचालक को संगठन के मार्गदर्शन से ये एहसास होगा ही अब वह भी अपने स्कूल को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

नोट:- कृप्या साथ संलग्न School Profile, Certificate व Identity Card परफॉर्मा अभी भर कर दे, ताकि प्रथम स्कूल चुनाव जनवरी 2027 में सफल तरीके से करवाये जा सके और उसके लिए आप भी वोट कर सके या किसी पद के लिए नामांकन कर सके।

For more details contact :

Sumit Chawla (M 9254090777) Founder member of ONE STATE ONE UNION